**भारत सरकार**
**कोयला मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 4697**
**जिसका उत्तर 24 मार्च, 2021 को दिया जाना है**

**कोयला उत्पादन**

**4697. श्री जुएल ओराम:**
**श्री संजय सेठ:**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विभिन्न श्रेणी के कोयले की मांग कुल कितनी है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न कोयला कंपनियों के अधीन विभिन्न कोयला खानों में अलग-अलग श्रेणी के कोयले का श्रेणी-वार वार्षिक उत्पादन कितना है;

(ग) इन वर्षों में कितना लक्ष्य निर्धारित किया गया और इसमें क्या वास्तविक उपलब्धि हासिल हुई;

(घ) क्या कोयले का आयात किया जाता है एवं यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न श्रेणी के आयातित कोयले की मात्रा कितनी है तथा इसका मूल्य कितना है तथा कोयले के किए गए आयात का देश और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ड.) देश में कोयले के उत्पादन को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए?

**उत्तर**
**संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री**
**(श्री प्रल्हाद जोशी)**

**(क) :** देश में कोयले की ग्रेड-वार मांग का अलग से अनुमान नहीं लगाया जाता है। तथापि, वर्ष 2019-20 के लिए कोयले की कुल वास्तविक मांग / आपूर्ति 955.26 मिलियन टन (अनंतिम) थी।

**(ख) :** पिछले तीन वर्षों के दौरान, विभिन्न कोयला कंपनियों में कोयले का ग्रेड-वार वार्षिक उत्पादन **अनुबंध** में दिया गया है।

**(ग) :** पिछले तीन वर्षों के दौरान, अखिल भारतीय कच्चा कोयला उत्पादन के लिए निर्धारित लक्ष्य एवं उपलब्धि नीचे तालिका में दी गई है:

| वर्ष | उत्पादन (मिलियन टन में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2017-18 | | 2018-19 | | 2019-20 (अनं.) | |
| | लक्ष्य | वास्तविक | लक्ष्य | वास्तविक | लक्ष्य | वास्तविक |
| अखिल भारतीय उत्पादन | 730.10 | 675.41 | 730.00 | 728.72 | 810.00 | 730.87 |

**(घ) :** पिछले तीन वर्षों के दौरान कोयले के देश-वार आयात का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

| **देश** | **(मात्रा मिलियन टन में एवं मूल्य मिलियन रु. में)** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2017-18** | | **2018-19** | | **2019-20** | |
| | **मात्रा** | **मूल्य** | **मात्रा** | **मूल्य** | **मात्रा** | **मूल्य** |
| **आस्ट्रेलिया** | 46.12 | 538244 | 48.17 | 615425 | 46.72 | 510170 |
| **कनाडा** | 3.56 | 42691 | 4.46 | 64211 | 4.69 | 57584 |
| **चीन पीआरपी** | 0.23 | 3934 | 0.05 | 1705 | 0.21 | 3832 |
| **इंडोनेशिया** | 95.81 | 400992 | 112.88 | 504328 | 116.66 | 460849 |
| **मोजाम्बिक** | 5.91 | 48685 | 7.09 | 60010 | 5.48 | 40273 |
| **न्यूजीलैंड** | 0.60 | 7543 | 0.50 | 5889 | 0.41 | 4377 |
| **रूस** | 4.30 | 33991 | 4.92 | 47382 | 8.23 | 60492 |
| **साउथ अफ्रीका** | 38.49 | 197042 | 31.15 | 189505 | 42.48 | 212693 |
| **यूएसए** | 12.03 | 103550 | 14.98 | 137460 | 12.16 | 97484 |
| **अन्य** | 1.18 | 8097 | 11.15 | 83290 | 11.50 | 79568 |
| **कुल योग** | 208.25 | 1384770 | 235.35 | 1709205 | 248.54 | 1527321 |

कोयले के ग्रेड-वार आयात के संबंध में सूचना उपलब्ध नहीं है।

**(ड.) :** सरकार का ध्यान और अधिक कोयला ब्लॉकों के आवंटन, भूमि अधिग्रहण में सहायता के लिए राज्य सरकार के साथ कार्रवाई करने और कोयले की ढुलाई के लिए रेलवे के साथ समन्वित प्रयास के जरिए घरेलू कोयला उत्पादन में वृद्धि करने पर है।

घरेलू उत्पादन में वृद्धि करने के लिए नए आवंटित केप्टिव कोयला ब्लॉकों को कोयला उत्पादन के 25% कोयले की बिक्री हेतु अनुमति दी गई है।

सरकार द्वारा 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रावधान सहित वाणिज्यिक खनन की अनुमति दी गई है।

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने कोयले के उत्पादन को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

- शेड्यूल के अनुसार लक्षित उत्पादन प्राप्त करने के लिए चल रही परियोजनाओं का समयबद्ध रुप से कार्यान्वयन।
- खान विकासकर्त्ता सह प्रचालक माध्यम द्वारा प्रचालित किए जाने वाले लगभग 160 एमटीवाई क्षमता की 15 ग्रीनफील्ड परियोजनाओं की पहचान की गई है।
- सीआईएल की सभी भूमिगत खानों (सीसीएल की एक खान को छोड़कर) में बेल्ट कन्वेयर्स के साथ संयोजन में साइड डिस्चार्ज लोडर (एसडीएल)/लोड हॉल डंप (एलएचडी) लोडिंग की शुरुआत करके मैनुअल लोडिंग पद्धति को समाप्त किया गया है।
- प्रचालन दक्षता में सुधार करने तथा पर्यावरणीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ओपनकास्ट खानों में सर्फेस माइनर्स की शुरुआत की गई है।
- भूमिगत कोयला खानों में बड़े पैमाने पर उत्पादन प्रौद्योगिकी की शुरुआत की गई है।

*****

दिनांक 24.3.2021 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 4697 का अनुबंध

| पिछले तीन वर्षों के दौरान कोयले के विभिन्न ग्रेडों का वार्षिक उत्पादन (आंकड़े मिलियन टन में) | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कोल इंडिया लिमिटेड | | | सिंगरेनी कोलियरीज कं. लि. | | | अन्य | | | अखिल भारत | | |
| ग्रेड | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 (अनंतिम) |
| इस्पात-I | 0.16 | 0.04 | 0.02 | | | | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.16 | 0.04 | 0.02 |
| इस्पात-II | 0.05 | 0.00 | 0.13 | | | | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.05 | 0.00 | 0.13 |
| एससी | 0.18 | 0.25 | 0.25 | | | | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.18 | 0.25 | 0.25 |
| वाश-I | 0.18 | 0.06 | 0.03 | | | | 0.00 | 0.00 | 0.10 | 0.18 | 0.06 | 0.14 |
| वाश-II | 4.36 | 3.89 | 1.86 | | | | 0.19 | 0.45 | 0.44 | 4.55 | 4.34 | 2.30 |
| वाश-III | 3.50 | 5.77 | 6.40 | | | | 0.49 | 0.81 | 0.96 | 3.99 | 6.58 | 7.36 |
| वाश-IV | 24.85 | 24.14 | 26.70 | | | | 6.19 | 5.74 | 5.01 | 31.04 | 29.87 | 31.70 |
| वाश-V | | | 10.99 | | | | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 10.99 |
| वाश-VI | | | 0.05 | | | | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.05 |
| एसएलVI | 0.00 | 0.00 | 0.00 | | | | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| **कुल कोकिंग** | **33.28** | **34.14** | **46.43** | **0.00** | **0.00** | **0.00** | **6.87** | **6.99** | **6.51** | **40.15** | **41.13** | **52.94** |
| जी1 | 0.18 | 0.09 | 0.02 | | | | 1.53 | 0.00 | 0.00 | 1.71 | 0.09 | 0.02 |
| जी2 | 0.26 | 0.48 | 0.29 | | | | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.26 | 0.48 | 0.29 |
| जी3 | 3.51 | 3.31 | 3.23 | | | | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 3.51 | 3.31 | 3.23 |
| जी4 | 14.34 | 15.39 | 14.47 | | | | 0.20 | 0.15 | 0.00 | 14.54 | 15.55 | 14.47 |
| जी5 | 13.64 | 11.72 | 13.83 | 1.09 | 0.74 | 0.68 | 0.00 | 0.00 | 0.12 | 14.73 | 12.45 | 14.63 |
| जी6 | 10.69 | 6.96 | 4.51 | 0.00 | 0.00 | 0.04 | 0.18 | 0.94 | 0.00 | 10.87 | 7.90 | 4.55 |
| जी7 | 32.25 | 38.21 | 35.54 | 3.23 | 2.50 | 3.56 | 1.34 | 0.64 | 1.84 | 36.82 | 41.35 | 40.95 |
| जी8 | 35.42 | 46.28 | 37.53 | 5.23 | 6.48 | 4.92 | 0.33 | 1.66 | 3.10 | 40.98 | 54.42 | 45.55 |
| जी9 | 16.65 | 20.83 | 22.24 | 8.22 | 7.73 | 6.21 | 2.68 | 7.03 | 9.42 | 27.55 | 35.60 | 37.87 |
| जी10 | 73.40 | 68.75 | 61.93 | 8.99 | 6.69 | 6.51 | 9.10 | 8.79 | 9.84 | 91.48 | 84.23 | 78.29 |
| जी11 | 142.03 | 157.47 | 157.62 | 15.48 | 14.35 | 11.73 | 22.47 | 27.88 | 24.46 | 179.98 | 199.71 | 193.81 |
| जी12 | 51.98 | 63.14 | 66.93 | 0.39 | 2.16 | 3.58 | 1.05 | 1.00 | 1.14 | 53.42 | 66.30 | 71.65 |
| जी13 | 89.79 | 95.34 | 67.62 | 11.95 | 15.37 | 16.72 | 0.00 | 0.50 | 2.24 | 101.74 | 111.21 | 86.58 |
| जी14 | 41.52 | 37.49 | 54.63 | 2.85 | 3.55 | 3.17 | 0.27 | 0.00 | 1.17 | 44.64 | 41.04 | 58.96 |
| जी15 | 4.60 | 3.07 | 12.54 | 3.30 | 3.81 | 5.06 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 7.89 | 6.89 | 17.60 |
| जी16 | 2.65 | 3.15 | 2.02 | 0.89 | 0.70 | 1.55 | 0.00 | 0.00 | 0.46 | 3.54 | 3.85 | 4.03 |
| जी17 | 1.18 | 1.06 | 0.75 | 0.27 | 0.21 | 0.13 | 0.01 | 1.84 | 4.39 | 1.47 | 3.11 | 5.27 |
| यूएनजी | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.13 | 0.13 | 0.18 | 0.00 | 0.00 | 0.01 | 0.13 | 0.13 | 0.19 |
| **कुल नॉन कोकिंग** | **534.09** | **572.74** | **555.70** | **62.01** | **64.40** | **64.04** | **39.15** | **50.44** | **58.19** | **635.25** | **687.59** | **677.94** |
| **कुल** | **567.37** | **606.89** | **602.13** | **62.01** | **64.40** | **64.04** | **46.02** | **57.43** | **64.70** | **675.40** | **728.72** | **730.87** |